# आज हो रही जय जयकार | By Nikunj Prem |

आज हो रही जय जयकार
भवानी तेरे मंदिर में
भवानी तेरे मंदिर में
आज हो रही जय जयकार
भवानी तेरे मंदिर में

जो भी माँ का नाम ध्याता
शरण मैया की पाता
जय माता दी कहने से ही
हर संकट मिट जाता
भवानी तेरे मंदिर में
महारानी तेरे मंदिर में
मैं तो खुद को करूँ न्योछावर
भवानी तेरे मंदिर में
आज हो रही जय जयकार
भवानी तेरे मंदिर में

दिल करता है झूम के नाचूँ
तेरे ही गुण गाऊँ
तेरा ही दीदार करूँ बस
पल-पल तुझे ध्याऊँ
भवानी तेरे मंदिर में
महारानी तेरे मंदिर में
मेरा सपना हुआ साकार
भवानी तेरे मंदिर में
आज हो रही जय जयकार
भवानी तेरे मंदिर में

आओ रे आओ भक्तों माँ के
पावन दर्शन कर लो
माँ की कृपा तो बरस रही है
पल में झोलियाँ भर लो
भवानी तेरे मंदिर में
महारानी तेरे मंदिर में
आज खुल गए हैं भंडार
भवानी तेरे मंदिर में
आज हो रही जय जयकार
भवानी तेरे मंदिर में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%9c%e0%a4%af%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-nikunj-prem/